संख्या: 59/2016/991/छप्पन-2016-41/2015

प्रेषक,

एस0के0 रघुवंशी,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन,
उ0प्र0, लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ: दिनांक: 12 अगस्त, 2016

विषय: अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्याः 229/ए0एफ0-115-15/2016, दिनांक 13.7.2016 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो सैफई एयरपोर्ट, जनपद इटावा व भदरौली, तहसील बाह, जनपद आगरा में से एक स्थल का चयन किये जाने के बाद एयरपोर्ट के निर्माण हेतु CLEARANCES की कार्यवाही करने हेतु निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ को अधिकृत किये जाने के सम्बन्ध में है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सैफई की स्थिति, एक्सप्रेस-वे, रेलवे सुविधा, भूमि की उपलब्धता तथा एयरपोर्ट विद्यमान होने के कारण सैफई हवाई पट्टी को अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित किये जाने का निर्णय लिया गया है तथा अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के विकास के लिये आगे की कार्यवाही हेतु एतद्द्वारा आपको अधिकृत किया जाता है। भविष्य के लिए भदरौली को भी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित किये जाने पर यथासमय विचार किया जा सकता है।

3- कृपया उपर्युक्तानुसार तत्काल आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए कृत कार्यवाही से शासन को शीघ्र अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(एस0के0 रघुवंशी)
सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in